अमर उजाला

बरेली
बुधवार, 1 अप्रैल 2026
चैत्र शुक्ल-चतुर्दशी
विक्रम संवत-2083

PAGE NO, IV, BOTTOM

टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट तीन अप्रैल से

बरेली। श्री राम मूर्ति स्मारक (एसआरएमएस) ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित होने वाला श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 का आगाज तीन अप्रैल से शुरू होने जा रहा है। ट्रस्ट के सेक्रेटरी एवं बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने बताया कि इस बार प्रतियोगिता को और अधिक आकर्षक बनाने के लिए इनामी राशि में भारी बढ़ोतरी की गई है। पिछले वर्ष जहां विजेता को एक लाख रुपये दिए गए थे, वहीं इस साल चैंपियन टीम को दो लाख रुपये और उपविजेता टीम को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। व्यक्तिगत प्रदर्शन के आधार पर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को 11 हजार रुपये जबकि सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और गेंदबाज को 5100-5100 रुपये दिए जाएंगे।

बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित इस टूर्नामेंट में दिल्ली, मेरठ, प्रयागराज, बुलंदशहर, अमरोहा, पीलीभीत और मेजबान बरेली की कुल 12 प्रतिष्ठित टीमें हिस्सा ले रही हैं। इन टीमों को चार ग्रुप में विभाजित किया गया है, जिसमें आईके कलेक्शन बरेली, एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी, मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन और जीका इलाहाबाद जैसी दिग्गज टीमें शामिल हैं। टूर्नामेंट का स्वरूप पेशेवर रखा गया है जिसमें सभी खिलाड़ी रंगीन ड्रेस में सफेद गेंद से प्रतिस्पर्धा करेंगे।

टूर्नामेंट के दौरान प्रतिदिन दो मैच खेले जाएंगे। दिन का पहला मुकाबला दोपहर दो बजे शुरू होगा, जबकि दूसरा मैच शाम 6:30 बजे से फ्लड लाइट में खेला जाएगा। उद्घाटन दिवस पर पहला मुकाबला एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और बजाज टेक्सटाइल अमरोहा के बीच होगा। लीग चरणों के बाद नौ और 10 अप्रैल को क्वार्टर फाइनल और 11 अप्रैल को सेमीफाइनल मुकाबले होंगे। टूर्नामेंट का महामुकाबला यानी फाइनल मैच 12 अप्रैल को शाम 6:30 बजे से खेला जाएगा। कुल 19 मैचों के इस सफर में ग्रुप स्टेज पर हर टीम को दो-दो मैच खेलने का अवसर मिलेगा, जिससे श्रेष्ठ दो टीमें नॉकआउट चरण में प्रवेश करेंगी। संवाद